# वैभव-आर्चर के कहर से हैदराबाद बाहर

## 29 मई को क्वालिफायर 2 में जीटी से भिड़ेगी आरआर





**मुल्लांपुर ( न्यू चंडीगढ़ ), 27 मई. आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाक को 47 रनों के बड़े अंतर से हराकर क्वालीफायर 2 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है.**

अब 29 मई को उसका मुकाबला गुजरात टाइंटस से होगा

### शतक से चूकने पर सूर्यवंशी हुए भावुक

जिससे दूसरे फाइनलिस्ट का पता चलेगा. आरसीबी पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है.

जो भी टीम क्वालिफायर 2 जीतेगी, वो 31 मई को अहमदबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से फायनल खेलेगी.

मुल्लांपुर में खेले गए इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया लेकिन उनका यह फैसला वैभव सूर्यवंशी ने गलत साबित कर दिया. वैभव सूर्यवंशी ने 29 गेंदों में 97 और ध्रुव जुरैल ने 21 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली. इन दोनों की शानदार पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 243 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया.

244 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक के बाद एक लगातार विकेट गिरते रहे. बुधवार के मैच में एसआरएच का कोई भी बड़ा बल्लेबाज अच्छी पारी नहीं खेल सका और उनकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 196 रन ही बना सकी.

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान बल्लेबाजी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 29 | 29 | 4 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी | 97 | 29 | 5 | 12 |
| ध्रुव जुरेल | 50 | 21 | 5 | 3 |
| रियान पराग | 26 | 12 | 2 | 2 |
| डोनोवन फरेरा | 12 | 9 | 1 | 0 |
| दसुन शनाका | 5 | 3 | 1 | 0 |
| रवींद्र जडेजा* | 12 | 9 | 1 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर | 4 | 5 | 1 | 0 |
| नंद्रे बर्गर | 1 | 1 | 0 | 0 |
| सुशांत मिश्रा* | 1 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 6

**कुल** 20 ओवर में 243/8

**हैदराबाद गेंदबाजी-** पैट कमिंस -4-0-64-0, ईशान मलिंगा -4-0-40-1, साकिब हुसैन -4-0-52-0, प्रफुल्ल हिंगे -4-0-54-3, शिवांग कुमार -2-0-19-1, नीतीश कुमार रेड्डी -2-0-12-1

| हैदराबाद बल्लेबाजी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 0 | 2 | 0 | 0 |
| ट्रैविस हेड | 17 | 8 | 2 | 1 |
| ईशान किशन | 33 | 11 | 3 | 3 |
| रविचंद्रन स्मरण | 1 | 4 | 0 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन | 18 | 10 | 2 | 1 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 38 | 20 | 3 | 2 |
| सलील अरोड़ा | 35 | 21 | 2 | 2 |
| पैट कमिंस | 1 | 2 | 0 | 0 |
| शिवांग कुमार | 27 | 24 | 3 | 0 |
| ईशान मलिंगा | 5 | 8 | 0 | 0 |
| साकिब हुसैन* | 5 | 7 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** 16 **कुल** 19.2 ओवर में 196/10

**राजस्थान गेंदबाजी-** जोफ्रा आर्चर -4-0-58-3, नंद्रे बर्गर -3-0-26-2, ब्रिजेश शर्मा -3-0-31-0, यश पुंजा -4-0-39-1, सुशांत मिश्रा -2.2-0-21-2, रवींद्र जडेजा-3-0-21-2

### एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक रन

680- वैभव सूर्यवंशी ( राजस्थान रॉयल्स, 2026 )
625- यशस्वी जश्वयसवाल ( राजस्थान रॉयल्स, 2023 )
616- शॉन मार्श ( पंजाब किंग्स, 2008 )
573- रियान पराग ( राजस्थान रॉयल्स, 2024 )
549- प्रभसिमरन सिंह ( पंजाब किंग्स, 2025 )



## वर्ल्ड चैंपियन गुकेश नॉर्वे चेस के दूसरे दौर में हारे

### अमेरिका के वेस्ली ने गुकेष को हराया

**नई दिल्ली, 27 मई. नॉर्वे चेस टूर्नामेंट मंगलवार का दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए मिलाजुला रहा.वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा को राउंड-2 में मजबूत स्थिति में आने के बाद हार झेलनी पड़ी.**

जबकि, महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने शानदार जीत दर्ज की.राउंड-2 के बाद अलीरेजा फिरोजा 6 अंक के साथ ओपन कैटेगरी के टॉप पर हैं, जबकि गुकेश और वेस्ली सो 2.5 अंक के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं.महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा 4.5 अंक के साथ पहले स्थान पर हैं.डी गुकेश ने अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ क्लासिकल मुकाबले में लंबे समय तक दबाव बनाए रखा.116 चालों तक चले मुकाबले में वे जीत के करीब दिखे, लेकिन मुकाबला ड्रॉ हो गया.इसके बाद निर्णायक गेम में वेस्ली सो ने उन्हें हरा दिया.मैच के बाद वेस्ली सो ने कहा कि गुकेश का गेम उनकी रैंकिंग जैसा नहीं दिखा.दूसरी ओर आर प्रज्ञानानंदा को फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने हराया.शुरुआत में प्रज्ञानानंदा बेहतर स्थिति में थे, लेकिन फिरोजा ने शानदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया.

### एक नजर में

## स्कोलोनी मेसी की चोट को लेकर चिंतित नहीं

**ब्यूनस आयर्स.** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी ने अगले महीने शुरू होने वाले फीफा वर्ल्ड कप से पहले लियोनेल मेसी की चोट को लेकर जताई जा रही चिंताओं को कम करने की कोशिश की है.रविवार को इंटर मियामी की फिलाडेल्फिया यूनियन पर 6-4 से एमएलएस जीत के दौरान मैदान से बाहर जाने के बाद मेसी को मांसपेशियों में थकान की समस्या बताई गई थी।फ्लोरिडा के इस क्लब ने कहा कि 38 वर्षीय खिलाड़ी के ठीक होने की अवधि उनके 'चिकित्सीय और शारीरिक सुधार' पर निर्भर करेगी. डीस्पोर्ट्स द्वारा प्रसारित एक इंटरव्यू में स्कोलोनी ने कहा, 'हमें उनके ठीक होने का इंतज़ार करना होगा.शुरुआती खबरें उतनी बुरी नहीं हैं.जाहिर है, हम चाहते थे कि उन्हें कुछ भी न हो, लेकिन अब हमें उनके ठीक होने का इंतज़ार करना होगा।' स्कोलोनी के पास अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप के लिए अपनी 26-सदस्यीय अंतिम टीम की घोषणा करने के लिए 1 जून तक का समय है.मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद ग्रुप जे में उसका मुकाबला ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से भी होगा.



## आरसीबी सिर्फ़ एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं : रजत

**धर्मशाला.** डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मंगलवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में क्वालिफ़ायर 1 में गुजरात टाइटन्स पर 92 रनों की शानदार जीत के साथ अपने पाँचवें आईपीएल फ़ाइनल में जगह बना ली. आरसीबी ने 254/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर ज़ोरदार अंदाज़ में जीत हासिल की; इस मुक़ाबले में कई बड़े रिकॉर्ड भी टूटे. टीम के सामूहिक प्रयास पर बात करते हुए, आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा, 'जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, यह टीम सिर्फ़ एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है. हर कोई टीम के लिए योगदान दे रहा है और यह एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है पूरे टूर्नामेंट में विराट, वेंकी, बेथेल और सॉल्ट जैसे खिलाड़ियों से हमें जो अच्छी शुरुआत मिली है, उसने हमेशा हमें एक मजबूत आधार दिया है' रजत ने सिर्फ़ 33 गेंदों में 93 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम की अगुवाई की, जिससे आरसीबी बीच के ओवरों में खेल पर पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखने में सफल रही और गुजरात टाइटन्स से मैच छीन लिया. 'शुरुआत में, मैं सिर्फ़ पिच को समझने और यह देखने की कोशिश कर रहा था कि मैं किन हिस्सों को निशाना बना सकता हूँ लेकिन होल्डर की गेंद पर उस पुल शॉट के बाद, मुझे पारी को आगे बढ़ाने के बारे में ज़्यादा स्पष्टता मिली फिर एक ऐसा दौर आता है जब आप ज़्यादा सोचना बंद कर देते हैं.



## भारत बना फ्रीस्टाइल टीम चैंपियन

**नई दिल्ली.** वियतनाम के दा नांग में आयोजित अंडर 23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल टीम निर्विवाद चैंपियन बनी.टीम ने शानदार प्रथम स्थान हासिल करते हुए टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की.फ्रीस्टाइल रैंकिंग में भारत का दबदबा रहा और उसने कुश्ती की दुनिया के दिग्गज देशों - किर्गिस्तान और कजाकिस्तान को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया.किर्गिस्तान और कजाकिस्तान क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. फ्रीस्टाइल में मिली इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही पूरे भारतीय दल का शानदार महाद्वीपीय अभियान भी समाप्त हो गया.इस अभियान में भारत ने फ्रीस्टाइल, महिला कुश्ती और ग्रीको-रोमन श्रेणियों में कुल 27 पदक हासिल किए, जिनमें 11 स्वर्ण, 7 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं.


## स्वर्ण विजेता निशानेबाज रणधीर सिंह का निधन

**नई दिल्ली.** अनुभवी खेल प्रशासक और एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार को यहां उम्र संबंधित बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया.वह 79 वर्ष के थे.उनके निधन से भारतीय खेल जगत के एक ऐसे युग का अंत हो गया जिस पर उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी.कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्होंने यहां अपने आवास पर अंतिम सांस ली.सिंह के परिवार में उनकी पत्नी विनीता और तीन बेटियां महिमा, सुनैना और राजेश्वरी हैं.राजेश्वरी भी एक निशानेबाज हैं.स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के कारण सिंह ने हाल में एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था.उन्हें 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था जबकि वह 1991 से 2015 तक इस संस्था में महासचिव रह चुके थे.

## पर्पल कैप की रेस में रबाडा से आगे हैं भुवनेश्वर

**धर्मशाला, 27 मई. क्वालिफ़ायर-1 एकतरफ़ा मुक़ाबला रहा, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) ने गुजरात टाइटंस ( जीटी ) को 92 रन से रौंदकर आईपीएल 2026 के फ़ाइनल का टिकट हासिल कर लिया.**

लेकिन मुक़ाबले के भीतर चल रही लड़ाइयों, ख़ासकर ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में काफी रोमांच देखने को मिला.भुवनेश्वर कुमार और कगिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे.मुक़ाबला ख़त्म होने तक दोनों के ख़ाते में 26-26 विकेट हो गए.रबाडा ने पहले वार किया.



उन्होंने दूसरे ओवर में वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और बाद में 17वें ओवर में क्रुणाल पंड्या को भी आउट किया.हालांकि, यह रात उनके लिए ज्यादा सुखद नहीं रही क्योंकि वह जीटी के सबसे महंगे गेंदबाज़ों में से एक रहे.

## हॉकी इंडिया : प्री लीग में हरमनप्रीत कप्तान बनेंगे

### यूरोपियन लीग के लिए 24 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली, 27 मई. हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के आगामी यूरोपियन लेग के लिए 24 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी हैं.**

भारतीय टीम सात से नौ जून तक तैयारी की ट्रेनिंग और एक मैत्री मैच के लिए ब्रुसेल्स, बेल्जियम जाएगी.इस छोटे शिविर के बाद, टीम 10 जून से नीदरलैंड्स के रॉटरडैम में होगी, जहां वह 14 से 21 जून 2026 तक जर्मनी और नीदरलैंड्स के खिलाफ प्रो लीग मैच खेलेगी. इसके बाद,



भारतीय टीम लंदन, इंग्लैंड जाएगी, वह 23 से 28 जून 2026 तक प्रो लीग में पाकिस्तान और इंग्लैंड का सामना करेगी. टीम में अनुभवी और युवा टैलेंटेड खिलाड़ियों का मिश्रण है - जिन्हें आने वाले वर्ल्ड कप के लिए कोर टीम को मजबूत करने के लिए स्ट्रेटजी के साथ चुना गया है. भारत की कप्तान और डिफेंस की लीडर, हरमनप्रीत को अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह और युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा की मजबूत डिफेंसिव यूनिट का सपोर्ट मिलेगा.मिडफील्ड की कमान राज कुमार पाल के अलावा हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद की अनुभवी जोड़ी संभालेगी.

फॉरवर्ड लाइन में मंदीप सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक और सेल्वम कार्थी जैसे जबरदस्त अटैकर हैं.हॉकी इंडिया ने पांच स्टैंडबाय प्लेयर्स भी चुने हैं.इस लिस्ट में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल और मनिंदर सिंह, डिफेंडर पूवन्ना चंदुरा बॉबी और मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह शामिल हैं. टीम चयन को लेकर चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'ट्रेनिंग बहुत अच्छी चल रही है और स्क्वाड बहुत अच्छी शेप में है.जून में हॉलैंड और इंग्लैंड में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैच बिल्कुल वही हैं जिनकी हमें जरूरत है.वर्ल्ड-क्लास अपोनेंट्स के खिलाफ़ टफ टेस्ट जो हमें बताएंगे कि हम वर्ल्ड कप की तैयारियों में कहां खड़े हैं.

## आयरलैंड टीम में शामिल हुईं एलिस

**बर्लिन, 27 मई. अठारह साल की एलिस टेक्टर को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए आयरलैंड की टीम में चोटिल लॉरा डेलानी की जगह शामिल किया गया है. डेलानी की चोट कैसी है, यह अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह इतनी गंभीर है कि वह टूर्नामेंट और वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच 28 मई से शुरू होने वाली ट्राई-सीरीज से बाहर हो सकती हैं.डेलानी का न होना आयरलैंड के लिए एक बड़ा झटका है.**

33 साल की यह खिलाड़ी देश की सबसे अनुभवी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 132 मैच खेले हैं.उन्होंने इस प्रारुप में 1659 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं, जो टीम के लिए उनकी ऑल-राउंड अहमियत को दिखाता है.वहीं टेक्टर ने अभी तक अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है, लेकिन 2024 में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से वह आयरलैंड के लिए पांच एकदिवसीय मैच खेल चुकी है.



## भारत दौरे के लिए अफगान टीम घोषित

**काबुल.** अफगानिस्तान ने हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई में भारत के साथ आगामी टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है.यह टेस्ट मैच 2018 के बाद से भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की पहली रेड-बॉल भिड़ंत होगी, जब अफगानिस्तान ने टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया था.अफगानिस्तान टेस्ट टीम में स्टार स्पिनर राशिद खान और बल्लेबाज इब्राहिम जदरान शामिल नहीं हैं, हालांकि दोनों खिलाड़ियों को भारत के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है. टेस्ट टीम में नांग्याल खारोटी, बिलाल सामी और रहमानुल्लाह जदरान को पहली बार शामिल किया गया है, जबकि स्पिनर कैस अहमद सेटअप में वापस आ गए हैं.सेदिकुल्लाह अटल और अजमतुल्लाह ओमरजई को भी शामिल किया गया है, दोनों खिलाड़ियों ने अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला है, जो 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ था.

## युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी फ्रैंच ओपन के दूसरे दौर में

**रोम, 27 मई. भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने अपने-अपने जोड़ीदों के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है.**

मंगलवार को खेले गये मुकाबले में युकी भांबरी और उनके जोड़ी न्यूज़ीलैंड के माइकल वीनस ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और मारियानो केस्टेलबोइम को 7-5, 6-2 से हराकर रोलैंड गैरोस के अगले राउंड में जगह बनाई। पहला सेट 11वें अहम गेम तक सर्व पर रहा, जब युकी भांबरी और माइकल वीनस ने अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ़ निर्णायक ब्रेक हासिल किया और फिर अगले गेम में सर्व




बनाए रखते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया.

अपनी तरफ़ से मोमेंटम के साथ, युकी भांबरी और माइकल वीनस ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अर्जेंटीना की जोड़ी को फिर से ब्रेक किया और फिर एक घंटे 23 मिनट में मुकाबले को अपने नाम कर लिया.

### आईपीएल 2026 ▶ क्रिस गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाकर सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया था

## वैभव ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड



### 14 मैचों में 583 रन वैभव ने इस सीजन अब तक बनाए

**नई दिल्ली, 27 मई. वैभव सूर्यवंशी के पास आईपीएल 2026 एलिमिनेटर में क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा 59 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया. 15 वर्षीय बल्लेबाज इस सीजन 60 छक्के लगा चुके हैं और हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में नया इतिहास रच दिया.**

आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में आज राजस्थान रॉयल्स की टक्कर सनराइजर्स हैदराबाद से होगी. इस अहम मुकाबले में सबसे ज्यादा नजरें 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर टिकी रहेंगी. बिहार के इस विस्फोटक बल्लेबाज के पास टी20 क्रिकेट के महान बल्लेबाज क्रिस गेल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ा.

वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन अब तक 14 मैचों में 583 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 232.67 का रहा है. युवा बल्लेबाज ने एक शतक और तीन अर्धशतक भी जड़े हैं. सबसे खास बात यह है कि वैभव इस सीजन अब तक 60 छक्के लगा चुके हैं. वहीं, क्रिस गेल ने आईपीएल 2012 में 59 छक्के लगाकर एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया था.

ऐसे में अगर वैभव हैदराबाद के खिलाफ सात छक्के लगाने में सफल रहते हैं, तो वह गेल का यह ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ देंगे. वैभव सूर्यवंशी का आक्रामक अंदाज इस सीजन चर्चा का विषय बना हुआ है.आंकड़ों के मुताबिक वह हर 4.7 गेंद पर एक छक्का लगा रहे हैं.

इतना ही नहीं, उनके कुल रनों में 54 प्रतिशत रन सिर्फ छक्कों से आए हैं.अगर एलिमिनेटर मुकाबले में उनका बल्ला चला, तो वह सिर्फ आईपीएल ही नहीं बल्कि किसी एक टी20 टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन सकते हैं.

### क्रिस गेल ने खेली थी सबसे बड़ी पारी

कुछ दिन पहले वैभव सूर्यवंशी ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि उनका अगला लक्ष्य टी20 क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड तोड़ना है. फिलहाल यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 175 रन की नाबाद पारी खेली थी.15 साल के इस युवा बल्लेबाज ने साफ कर दिया है कि उनका सपना टी20 क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने का है.